(i) हसन इकबाल समिति:

श्री हसन इकबाल रेलवे के सेवानिवृत्त वित्तायुक्त की अध्यक्षता में लागत/लाभ केन्द्रों का पता लगाने और लेखा प्रणाली का विकास करने तथा वित्तीय सूचना प्रबंधन प्रणाली का आधुनिकीकरण करने के लिए। समिति ने अपनी वैचारिक रिपोर्ट दिसंबर 1994 में प्रस्तुत की है।

(ii) के० पी० गुप्ता-नारायण समिति:

उन व्यक्तियों को तैयार करने के लिए जो केवल मंडल रेल प्रबंधक, अपर महा प्रबंधक, महाप्रबंधक और सदस्य जैसी सामान्य प्रबंधन स्थितियों पर तैनात होंगे, विकास तथा प्रवरण प्रक्रिया सहित एक एकीकृत भारतीय रेलवे सेवा के सृजन के लिए। समिति ने अपनी रिपोर्ट का भाग-I प्रस्तुत कर दिया है।

(iii) पौलोस समिति:

श्री ए.वी. पौलोस, रेलवे के सेवानिवृत्त वित्तायुक्त की अध्यक्षता में भारतीय रेलों की पूंजी पुनर्संरचना और यातायात में सकारात्मक फेर-बदल और लागत प्रणाली की समीक्षा के लिए। समिति ने अपनी रिपोर्ट का भाग-I दिसम्बर 1994 में प्रस्तुत किया है।

दिल्ली रेलवे डिवीजन में सरकारी आवास के लिए बनी प्रतीक्षा सूची

7217. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकारी रिकार्ड के अनुसार कितने रेल कर्मचारियों ने सरकारी आवास के लिए श्रेणी-वार दिल्ली में भवन अधीक्षक (आवास) दिल्ली डिवीजन विभाग, रेलवे के पास 30 अप्रैल 1995 तक अपना पंजीकरण करवाया था और इस संबंध में उनका ब्यौरा क्या है; और

(ख) किस वर्ष तक की विभिन्न श्रेणियों की प्रतीक्षा सूचियों को निपटा दिया गया है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ):

(क) आवास की कोटि	पंजीकृत 30.4.95 को कर्मचारियों की संख्या
अनिवार्य	20,331
गैर-अनिवार्य	11,424

(ख) आवास की टाइप	कोटि	जिस तारीख तक प्रतीक्षा सूची पूरी हो गई
टाइप-I	गैर-अनिवार्य	19.12.58
	अनिवार्य	15.5.91
टाइप-II	गैर-अनिवार्य	31.7.59
	अनिवार्य	21.1.84
टाइप-III	गैर-अनिवार्य	4.11.72
	अनिवार्य	17.4.85
टाइप-IV	गैर-अनिवार्य	9.4.84
	अनिवार्य	22.2.85

रेल विभाग को आवश्यक सेवा के अंतर्गत लाया जाना

7218. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के अधीन किन-किन विभागों को आवश्यक सेवा के अंतर्गत रखा गया है; और

(ख) क्या सरकार ने रेल आरक्षण विभाग को भी इस सेवा के अंतर्गत शामिल किया है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) और (ख) रेल मंत्रालय के अधीन विभागों का अनिवार्य तथा गैर अनिवार्य के रूप में कोई वर्गीकरण नहीं है, तथापि, क्वार्टरों के आवंटन के प्रयोजनार्थ कर्मचारियों को, अनिवार्य तथा गैर अनिवार्य कोटियों के रूप में वर्गीकृत करने के लिए व्यापक दिशा निर्देश मौजूद हैं जो कि स्थानीय हालत तथा कर्मचारी के संबंधित विभाग का ध्यान किए बिना उसकी रेलवे की आवश्यकताओं पर निर्भर करते हैं।

Decrease in the demand of wagons

7219. SHRI JIBON ROY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state.

(a) whether it is a fact that demands of wagons has decreased during the last ten years;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) if not, the demand of wagons in the country during 1984-85 to 1994-95, year-wise?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C K. JAFFER SHARIEF); (a) and (b) The demand for wagons is need-based and is related to transported output. The reduction in demand